# खजुराहो-भोपाल में भी मंथन करेगी सरकार

- 2 और 3 दिसंबर को होगा मंत्रियों से वन टू वन

**कन्हैया लोधी**

**भोपाल, 27 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने से पहले सरकार 8 और 9 दिसंबर को बुंदेलखंड के सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो में दो दिनी मंथन करेगी. इस दौरान जहां मंत्रियों से वन टू वन होगा, वहीं सामूहिक संवाद भी होगा. इस मंथन से पहले राजधानी में भी सरकार दो दिनी मंथन करेगी. ये मंथन 2 और 3 दिसंबर को होगा.**



मप्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र एक नवंबर से शुरू हो रहा है. पांच दिनी सत्र में कुल 4 बैठकें होना है. बीच में तीन दिसंबर को भोपाल गैस कांड की बरसी पर स्थानीय अवकाश रहेगा. सत्र के दौरान 2 दिसंबर को विधानसभा परिसर में कैबिनेट की बैठक होगी, जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के द्वितीय अनुपूरक बजट को अंतिम मंजूरी दी जाएगी, उसके बाद उसी दिन इसे सदन में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा पेश करेंगे. बताया जा रहा है कि 2 दिसंबर को मुख्यमंत्री राजधानी में ही रहेंगे और विधानसभा परिसर में ही मंत्रियों के साथ उनके विभागों की गतिविधियों और कार्यक्रमों को लेकर वन-टू-वन करेंगे. इस दौरान अगले वर्षों की कार्य योजना और रोडमैप को लेकर उनसे फीडबैक लेंगे. दो दिसंबर के बाद तीन दिसंबर को भले ही राजधानी में स्थानीय अवकाश हो, लेकिन मुख्यमंत्री इस दिन भी मंत्रियों के साथ वन-टू- वन करेंगे. राजधानी में किस विभाग और उससे जुड़े मंत्रियों के साथ वन-टू-वन करेंगे. इस संबंध में कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है. ऐसे विभाग जिनका रिव्यू राजधानी में ही हो जाएगा, उन विभागों का रिव्यू खजुराहो में नहीं होगा.

### खजुराहो में 8 को पूरे दिन मंत्रियों से वन-टू-वन

पिछली कैबिनेट के निर्णय के मुताबिक सरकार दो दिन तक 8 और 9 को खजुराहो में रहेगी. इस दौरान विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी. इसमें विभागों की दो वर्ष की उपलब्धियों, नवाचारों, आगामी वर्षों के प्रमुख लक्ष्यों, चुनौतियों और कार्य योजनाओं पर चर्चा होगी. सबसे बड़ी बात ये कि 8 दिसंबर को केवल मंत्रियों के साथ वन-टू-वन होगी. मंत्रियों को वन-टू-वन के लिये 30 से 40 मिनट का समय तय किया जा रहा है. वहीं अगले दिन 9 दिसंबर को भी वन-टू-वन किया जाएगा, लेकिन साथ ही इस दिन कैबिनेट की बैठक भी होगी. बताया जा रहा है कि कैबिनेट पूरी तरह बुंदेलखंड के विकास पर केंद्रित होगी.

### कसौटी पर रहेंगे कमजोर परफॉर्मेंस वाले मंत्री

बताया जा रहा है कि भोपाल और खजुराहो में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मंत्रियों के होने वाले वन-टू-वन में ऐसे मंत्री कसौटी पर परखे जाएंगे, जिसका परफॉर्मेंस कमजोर होगा. ऐसे मंत्री जिनकी अपने विभाग पर पकड़ कमजोर हैं और सरकार के विजन के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रहे हैं. ऐसे मंत्रियों और राज्य मंत्रियों की मंत्रिमंडल से विदाई भी हो सकती है. मंत्रिमंडल में फेरबदल के लिये इसे सबसे बड़ा आधार बनाया जा सकता है. सूत्रों के मुताबिक भाजपा संगठन से जुड़े बड़े पदाधिकारी भी इस अवधि में खजुराहो में मौजूद रहेंगे.

## आयुक्त से आश्वासन के बाद कलमबंद हड़ताल स्थगित

**भोपाल.** जनसम्पर्क विभाग के आयुक्त से आश्वासन मिलने के बाद कर्मचारियों ने गुरूवार को हड़ताल स्थगित कर दी. जनसम्पर्क अधिकारी संघ की ओर से जानकारी इस संबंध में साझा की गई. बताया गया कि गणेश कुमार जायसवाल राज्य प्रशासनिक सेवा (2012) उपायुक्त राजस्व नर्मदापुरम संभाग को अपर संचालक जनसम्पर्क संचालनालय भोपाल में पदस्थ करने के संबंध में जनसम्पर्क विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने गुरूवार को कलमबंद हड़ताल की. आयुक्त जनसम्पर्क के साथ तीन सत्रों में हुई बैठक और आयुक्त की तरफ से दिये गये आश्वासन पर अधिकारी संघ, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ और वाहन चालक संघ ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया गया कि कलमबंद हड़ताल फिलहाल स्थगित की जाती है.



## रंगदारी और मारपीट करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 27 नवंबर. अयोध्यानगर थाना पुलिस ने कॉलोनी में आकर रंगदारी कर मारपीट करने वाले बदमाश पर सख्त कार्रवाई की. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. टीटीनगर से आकर बदमाश ने वृन्दावन नगर कालोनी में दंपती के साथ मारपीट की थी.**

थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कालोनी में बदमाश सानू शेख ने गोविंद बाल्मीकि नाम के व्यक्ति और उनकी पत्नी को धमकाते हुए मारपीट की. आस-पास के लोगों के ने बदमाश को जब समझाने की कोशिश की तो वह भीड़ से भी लड़ने, मारने मारने पर उतारू हो गया.

## शराब पिलाकर युवक के साथ अश्लीलता, फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**भोपाल.** परवलिया सड़क थाना पुलिस ने एक युवक के साथ हुए अश्लील हरकत कर वीडियो बनाने वाले दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. हकरत करने वाले आरोपियों ने युवक को फोन कर बुलाया था. आरोपियों ने खुद भी और युवक को शराब पिलाकर नशे में उसके साथ जबरदस्ती हरकत करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी. घटना से आहत युवक ने पुलिस में शिकायत कर दी. अब फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है. थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित युवक अपने गांव में रहकर खेती-किसानी का काम करता है.

## भोपाल मंडल का सर्दियों में सेफ्टी ड्राइव अभियान

**भोपाल, 27 नवम्बर. कोहरे के मौसम में सुरक्षित ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने के लिए डीआरएम पंकज त्यागी के निर्देशन में भोपाल मंडल में 26 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक 15 दिवसीय सेफ्टी ड्राइव चलाया जा रहा है. अभियान में लोको पायलट, सहायक लोको पायलट सहित ट्रेन संचालन से जुड़े सभी कर्मचारी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं.**

सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि मंडल में यात्री और मालगाड़ी सेवाओं के लिए 341 फॉग सेफ डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं. लोकोमोटिव पर लगे सभी सुरक्षा उपकरणों की जांच की जा रही है



और कर्मचारियों को कोहरे में संचालन से जुड़े नियमों व सावधानियों पर प्रशिक्षण और काउंसिलिंग दी जा रही है. सभी प्रमुख स्टेशनों पर डेटोनेटर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है और विजिबिलिटी टेस्ट ऑब्जेक्ट के माध्यम से सिग्नल दृश्यता की नियमित जांच हो रही है. कोहरा बढ़ने पर रेलवे सेक्शनों के मध्य समन्वय को और मजबूत किया जाएगा, ताकि यात्रियों को सुरक्षित और निर्बाध सेवाएँ मिलती रहें.

### बनारस स्टेशन के अल्फाबेटिकल कोड में बदलाव

भारतीय रेल ने यात्रियों की सुविधा और डेटा प्रबंधन को अधिक सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से बनारस रेलवे स्टेशन के अल्फाबेटिकल कोड में महत्वपूर्ण परिवर्तन किया है. अब तक प्रयुक्त होने वाला स्टेशन कोड [illegible] को संशोधित कर नए कोड [illegible] में परिवर्तित किया गया है. यह नया कोड 1 दिसम्बर 2025 से प्रभावी हो जाएगा. रेलवे प्रशासन के अनुसार यह बदलाव टिकटिंग सिस्टम, डेटा मानकीकरण और डिजिटल रिकॉर्ड अपडेट करने की प्रक्रिया को और सुगम बनाने के लिए किया गया है.

## ठगी और चोरी के मामलों में पुलिस की कार्रवाई, 1.22 करोड़ का सामान बरामद

**भोपाल.** मध्यप्रदेश पुलिस ने इंदौर, विदिशा, टीकमगढ़, सीहोर और भोपाल में हुई ठगी व चोरी की कई वारदातों का त्वरित खुलासा करते हुए 1 करोड़ 22 लाख रुपये से अधिक का मशरूका बरामद कर अंतर्राज्यीय गिरोहों सहित कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जिसमें इंदौर के भंवरकुआं क्षेत्र में नकली सोना देकर 60 लाख रुपये की ठगी करने वाले चार आरोपियों को तकनीकी विश्लेषण और सीसीटीवी फुटेज की मदद से ऋषिकेश और जोधपुर से गिरफ्तार कर 443 ग्राम सोना और आभूषण जब्त किए गए. तो विदिशा में बालाजी मंदिर इलाके में हुई चोरी का पुलिस ने आगरा से संचालित गिरोह के पाँच सदस्यों को पकड़कर लगभग 15 लाख रुपये का सामान बरामद किया.

## आईएएस का बयान समाज को बांटने वाला

### आरक्षण के संदर्भ में महिलाओं पर की गई टिप्पणी घोर आपत्तिजनक

- उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने बयान की निंदा की

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 27 नवंबर. भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संतोष कुमार वर्मा के खिलाफ अब सरकार के ताकतवर मंत्री भी सामने आ गये हैं. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने वर्मा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और वर्मा के बयान पर कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे आपत्तिजनक करार देते हुए निंदा की है.**

उन्होंने इस बयान को बहन-बेटियों के सम्मान के विरूद्ध और समाज को बांटने वाले बताया.

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार में एक जवाबदार पद पर बैठे अधिकारी द्वारा सार्वजनिक



रूप से की गई इस टिप्पणी से सामाजिक समरसता को ठेस पहुंची है. जातिगत, नारियों के सम्मान के विपरीत और समाज को बांटने वाले इस बयान की जितनी भी निंदा की जाए उतनी कम है.

शुक्ल ने कहा कि अधिकारी की इस सोच को भारतीय संस्कृति और मर्यादा का भी अपमान ही कहा जाएगा. हमारी परंपराएं अपमान नहीं सभी वर्गों का सम्मान सिखाती है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी अधिकारी चाहे वह किसी भी रैंक का हो, द्वारा संवैधानिक नीतियों पर ऐसी टिप्पणी करना कदापि उचित नहीं है जिससे सामाजिक ताना-बाना प्रभावित होता हो.

अधिकारी के इस बयान से सामाजिक सद्भाव और संविधान का भी अपमान हुआ है. शुक्ल ने कहा कि आईएएस अधिकारी द्वारा दिए गए आपत्तिजनक और अशोभनीय बयान को लेकर कानून अपना काम करेगा और प्रदेश में किसी भी स्थिति में सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिशों को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा.

## एक करोड़ से अधिक की अंग्रेजी शराब जब्त

### पुलिस ने आरोपी से पूछताछ में जुटी

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 27 नवंबर. खजूरी सडक थाना पुलिस ने एक करोड़ से अधिक की कीमत की अवैध अग्रेजी शराब बरामद की है. पुलिस ने खेप ले जाने वाली ट्रक को जब्त करते हुए आरोपी चालक को गिरफ्तार किया है. शराब की खेप कहां से आई और कहां ले जाई जा रही थी, इस मामले में आरोपी चालक से पूलिस की पूछताछ जारी है.**



थाना प्रभारी के मुताबिक बुधवार-गुरूवार को देर रात पुलिस की गश्त के दौरान एक ट्रक की चेकिंग की गई. ट्रक में अवैध रूप से 12 सौ शराब की पेटियां, जिनकी अनुमानित कीमत 1 करोड 20 लाख 42 हजार रूपये आंकी गई को बरामद किया. पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक से मौके पर मिली 10,592 लीटर अवैध शराब को ले जाने के लिए जब जरूरी कागजात मांगे, तो वह उन्हें नहीं दिखा सका. इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई पूरी की. आरोपी ड्राइवर ने पुलिस की पूछताछ में अपना नाम जाकिर शेख (50) निवासी इंदौर का बताया. शेख ने बताया कि ट्रक में स्कायलैण्ड गार्डन के पास उसने शराब की पेटियां लोड कराई थी. उन्हे लेकर वह इंदौर जा रहा था. तभी पुलिस के दौरान अलग-अलग ब्रांड की अवैध शराब की बोतलें मिली है.

## देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ आरोपी धराया

**भोपाल.** हबीबगंज थाना पुलिस ने एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया. गुरूवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी से पूछताछ की. थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बुधार को आरोपी की गतिविधियों की जानकारी मिली. आरोपी की तलाशी के दौरान हथियार बरामद किए गए. पुलिस की पूछताछ में उसने अपनी पहचान बादल 27 साल निवासी ईश्वर नगर के रूप में बताई. आरोपी से हथियारों के मामले में पुलिस पूछताछ कर रही है.

## दुष्कर्म कर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाले आरोपी को सजा

- भोपाल कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 27 नवंबर. दुष्कर्म के आरोपी अकरम के खिलाफ कोर्ट ने बड़ा फैसला लेते हुए 10 साल की कठोर कारावास की सजा सुना दी. गुरूवार को भोपाल कोर्ट में विशेष न्यायाधीश ने मामले की अंतरिम सुनवाई करते हुए अपना फैसला सुनाया.**

कोर्ट ने पाया कि आरोपी अकरम ने एक महिला के साथ धर्म परिवर्तन के इरादे से दुष्कर्म किया था. आरोपी अकरम ने साल 2022 में पीडिता से अपना परिचय अमर कुशवाहा के तौर पर कराया था. महिला से उसका परिचय फोन नंबर गलत हो जाने के चलते हुआ था. अकरम ने महिला का भरोसा जितने के लिए तिलक लगी अपनी फोटो भी उसके सामने पेश की. महिला को घर की पुताई के लिए एक पेंटर की तलाश थी. महिला को मिला नंबर अकरम का निकला था.

## युवक की अंगुलियां काटने वाले दो बदमाश को किया गिरफ्तार

- कोहेफिजा पुलिस की कार्रवाई जारी

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 27 नवंबर. कोहेफिज़ा क्षेत्र के खनूगांव में हुई तलवारबाज़ी की बड़ी वारदात से स्थानीय लोग सहमे हैं. युवक पर तलवार से हमला कर उसकी चार उंगलियां काटने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. फरार अन्य तीन बदमाशों की तलाश जारी है.**

पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार घटना स्थल पर 5 हमलावरों ने पीडित युवक पर तलवार से हमला किया, जिससे उसके हाथ की उंगलियां कट गई. सभी बदमाश वारदात के बाद से फरार चल रहे थे, इस बीच दो आरोपियों को पुलिस ने धरदबोचा है. अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है. जानकारी के अनुसार हुजैफा नाम का युवक बुधवार देर रात को अपनी स्कूटी सड़क के किनारे पार्क किया था.


दिशानिर्देश जारी | पहले चरण में बाहरी अभ्यर्थियों को केवल निजी कॉलेजों में मौका

## नीट पीजी काउंसिलिंग में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

**नवभारत प्रतिनिधि,**

**भोपाल, 27 नवंबर. प्रदेश में नीट एमडी/एमएस 2025 के लिए राज्य स्तरीय संयुक्त काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू हो गई है। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार सरकारी और निजी दोनों प्रकार के मेडिकल कॉलेजों की राज्य कोटा सीटों पर प्रवेश की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी।**

अभ्यर्थी को पंजीकरण से पहले प्रोफाइल निर्माण और प्रवेश नियमों को ध्यान से पढ़ना होगा। पंजीयन तभी मान्य होगा जब एक हजार एक सौ रुपये की




फीस जमा हो जाएगी। जिसे वापस नहीं किया जाएगा। पंजीकरण समय सीमा के भीतर ही किया जा सकेगा और तकनीकी कारणों से समय बढ़ाया नहीं जाएगा। काउंसिलिंग के हर चरण में अभ्यर्थी को महाविद्यालय और विषयों के विकल्प भरकर उन्हें लॉक करना अनिवार्य होगा। इसके लिए सौ रुपये पोर्टल शुल्क देना होगा।

**अपग्रेडेशन चुनने पर** सीटों पर ही मौका मिलेगा। आवंटन के बाद अभ्यर्थी को मूल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए स्वयं कॉलेज में उपस्थित होना होगा। अपग्रेडेशन का विकल्प चुनने पर ग्रामीण सेवा बंध पत्र तुरंत जमा नहीं करना होगा, लेकिन इसके लिए नोटराइज्ड शपथपत्र देना आवश्यक होगा।

अभ्यर्थियों के लिए सबसे जरूरी बात यह है कि वे पंजीयन के बाद अपनी लॉगिन आईडी, पासवर्ड और व्यक्तिगत जानकारी किसी अन्य व्यक्ति से साझा न करें। काउंसिलिंग प्रक्रिया एमपी ऑनलाइन के पोर्टल dme.mponline.gov.in पर ही संचालित होगी। सभी ओटीपी व ईमेल उसी मोबाइल नंबर और ईमेल पर आएंगे जो नीट परीक्षा के दौरान दर्ज किए गए हैं.

**फिलहाल नहीं देना होगा बंध पत्र:** प्रवेश के समय अभ्यर्थियों को निर्धारित फीस ऑनलाइन माध्यम से ही जमा करनी होगी। बैंक खातों में पर्याप्त राशि रखना आवश्यक बताया गया है। पहले चरण में प्रदेश के बाहर से एमबीबीएस करने वाले अभ्यर्थियों को केवल निजी कॉलेजों की 50 प्रतिशत ओपन